(Erstwhile Arham Technologies Private Limited)
CIN: L52335CT2013PLC001207
Regd. Office & Factory: Plot No. 15, Electronic Manufacturing Cluster, Sector-22, Village Tuta, Atal Nagar Nava Raipur, Raipur, Chhattisgarh, 492015. Tel-9925130931. Email- support@arhamtechnologies.co.in
Corporate Office: 5, Chirakoot Complex, Opp. Vyavsayik Sahkari Bank, Jawahar Nagar, Raipur, Chhattisgarh, 492001. Tel-07712223415. **www.arhamtechnologies.co.in**

Date: 17th November, 2026

To,

The Listing Department,

National Stock Exchange of India Limited,

Exchange Plaza, C-1, Block G,

Bandra Kurla Complex,

Bandra (E), Mumbai – 400051

NSE Symbol: ARHAM

Subject: Submission of newspaper advertisement of Unaudited Standalone and Consolidated Financial Results for the second quarter and half year ended 30th September, 2026.

Dear Sir/ Madam,

Please find enclosed copies of the newspaper advertisement in respect of the Unaudited Standalone and Consolidated Financial Results of the Company for the second quarter and half year ended 30th September, 2026, as approved by the Board of Directors at its meeting held on 14th November, 2026.

The advertisement was published in the following newspapers:

1. Lokshakti dated 17th November, 2026.

The financial results, along with the Limited Review Report, are available on the Company's website at www.arhamtechnologies.co.in and on the website of the National Stock Exchange of India Limited at www.nseindia.com.

Kindly take the above information and the enclosed newspaper advertisements on record.

Thanking you,

Yours faithfully,

For Arham Technologies Limited

POOJA AVINASH GANDHEWAR
Digitally signed by POOJA AVINASH GANDHEWAR
Date: 2026.11.17 13:15:08 +05'30'

Pooja Avinash Gandhewar

Company Secretary cum Compliance Officer

रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव और कानपुर के सांसद श्री रमेश अवस्थी ने किया रवाना

कानपुर सेंट्रल और आनंद विहार टर्मिनल के बीच नई कानपुर एक्सप्रेस को हरी झंडी

पीआईबी

कानपुर एक्सप्रेस उत्तर प्रदेश के प्रमुख औद्योगिक, चमड़ा उद्योग एवं शैक्षणिक केंद्र कानपुर को दिल्ली के प्रमुख मल्टीमॉडल परिवहन केंद्र से सीधे जोड़ेगी

16 किलोमीटर लंबे एलिवेटेड रेलवे ट्रैक के निर्माण से कानपुर को रेलवे क्रॉसिंग पर दशकों पुरानी जाम की समस्या से स्थायी राहत मिलेगी: श्री अश्विनी वैष्णव





केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव और सांसद श्री रमेश अवस्थी ने आज नई कानपुर एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह ट्रेन कानपुर सेंट्रल से आनंद विहार टर्मिनल के बीच चलेगी, जिससे कानपुर और दिल्ली के बीच रेल संपर्क और अधिक सुगम होगा तथा यात्रियों को आवागमन की बेहतर सुविधा मिलेगी।

इस अवसर पर कानपुर नगर निगम की महापौर श्रीमती प्रमिला पांडे, अकबरपुर के सांसद श्री देवेंद्र सिंह भोले सहित अन्य गणमान्य अतिथि एवं रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। इस दैनिक रेल सेवा के शुरू होने से उत्तर प्रदेश और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के बीच रेल संपर्क और मजबूत होगा। साथ ही, कानपुर और दिल्ली के बीच यात्रा करने वाले यात्रियों को आवागमन का एक अतिरिक्त विकल्प मिलेगा।

नई रेल सेवा से प्रमुख औद्योगिक एवं व्यावसायिक केंद्रों के बीच कनेक्टिविटी को बढ़ावा मिलेगा 428 किलोमीटर की दूरी तय करने वाली इस ट्रेन में 22 आधुनिक एलएचबी कोच होंगे। यह अपने मार्ग में पड़ने वाले कई महत्वपूर्ण शहरों और आर्थिक केंद्रों को आपस में जोड़ेगी।

इस रेल सेवा से फ्यूंद के यात्रियों को विशेष लाभ मिलेगा, जहां से औरैया के औद्योगिक क्षेत्रों, जिनमें एनटीपीसी औरैया और गेल पाटा शामिल हैं, तक पहुंच आसान होगी। इसके अलावा, प्रमुख कृषि केंद्र इटावा और कांच उद्योग के लिए प्रसिद्ध पिरोजाबाद क्षेत्र के यात्रियों को भी इस रेल सेवा से बेहतर आवागमन सुविधा मिलेगी। टूंडला के माध्यम से पिरोजाबाद क्षेत्र को भी इस ट्रेन से कनेक्टिविटी मिलेगी। यह ट्रेन हींग प्रसंस्करण, पीतल के उत्पादों और कृषि आधारित उद्योगों के लिए प्रसिद्ध हाथरस को भी रेल नेटवर्क से जोड़ेगी। इसके साथ ही, ताला उद्योग के लिए देशभर में पहचान रखने वाले अलीगढ़, जहां अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय भी स्थित है और सिरेमिक एवं मिट्टी के बर्तनों के उद्योग के लिए प्रसिद्ध खुर्जा तक रेल कनेक्टिविटी को भी मजबूत करेगी। इसके अलावा, यह ट्रेन एक प्रमुख लॉजिस्टिक्स एवं औद्योगिक केंद्र दादरी को भी जोड़ेगी। इसके बाद एनसीआर के प्रमुख औद्योगिक केंद्रों में शामिल गाजियाबाद से होते हुए दिल्ली के प्रमुख मल्टीमॉडल परिवहन केंद्र आनंद विहार टर्मिनल तक पहुंचेगी।

क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा और यात्रियों को मिलेगी बेहतर आवागमन सुविधा यह नई रेल सेवा उत्तर प्रदेश के प्रमुख औद्योगिक, चमड़ा उद्योग एवं शैक्षणिक केंद्रों में शामिल कानपुर को दिल्ली के प्रमुख मल्टीमॉडल परिवहन केंद्र आनंद विहार टर्मिनल से सीधे जोड़ेगी। आनंद विहार टर्मिनल के माध्यम से यात्रियों को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के विभिन्न हिस्सों तक पहुंचने की सुविधा मिलेगी। इस रेल संपर्क से कानपुर और दिल्ली के बीच यात्रा करने वाले व्यापारियों, विद्यार्थियों, कामगारों एवं अन्य यात्रियों को सुविधाजनक आवागमन का विकल्प मिलेगा। श्री अश्विनी वैष्णव ने कानपुर के लोगों को नई रेल सेवा की शुरुआत पर बधाई दी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने भी इस नई रेल सेवा के लिए कानपुर वासियों को अपनी शुभकामनाएं दी हैं।

आगामी प्रमुख रेलवे परियोजनाएं

शहर में आगामी रेल इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए रेल मंत्री ने कहा कि अनवरगंज और मंधना के बीच 16 किलोमीटर लंबे एलिवेटेड रेलवे ट्रैक का निर्माण कानपुर में रेलवे क्रॉसिंग पर लगने वाले दशकों पुराने जाम की समस्या का स्थायी समाधान प्रदान करेगा। उन्होंने बताया कि इस परियोजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कर ली गई है और इसके लिए आवश्यक मंजूरियां भी प्राप्त हो चुकी हैं। परियोजना का निर्माण कार्य जल्द शुरू होने की उम्मीद है। प्रस्तावित बुलेट ट्रेन परियोजना के संबंध में रेल मंत्री ने कहा कि बुलेट ट्रेन का नॉर्थ कॉरिडोर कानपुर के विकास में एक नया अध्याय जोड़ेगा। प्रस्तावित कॉरिडोर दिल्ली, आगरा, कानपुर, वाराणसी, लखनऊ और अयोध्या को जोड़ते हुए आगे पटना, सिलीगुड़ी और गुवाहाटी तक विस्तारित होगा। इस परियोजना के शुरू होने के बाद दिल्ली से कानपुर की दूरी बुलेट ट्रेन से लगभग 1 घंटा 15 मिनट में तय की जा सकेगी। वहीं, लखनऊ से कानपुर का सफर करीब 27 मिनट और कानपुर से प्रयागराज का सफर लगभग 1 घंटा 15 मिनट में पूरा होगा। उन्होंने आगे कहा कि हाई-स्पीड रेल कनेक्टिविटी से कानपुर का प्रमुख शहरों के साथ संपर्क और मजबूत होगा तथा क्षेत्रीय एवं आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी। कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्यों के संबंध में श्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि काम तेजी से आगे बढ़ रहा है।



भारत-म्यांमार नौसैनिक अभ्यास (आईएमएनईएक्स-26) का 8वां संस्करण विशाखापट्टनम में संपन्न

18वीं USIC क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में भारतीय रेलवे पुरुष टीम ने जीता स्वर्ण पदक

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के खिलाड़ियों ने भारतीय रेलवे टीम की जीत में निभाई महत्वपूर्ण भूमिका*




बिलासपुर, संवाददाता। प्राग (चेक गणराज्य) में दिनांक 13 से 16 नवम्बर 2026 तक आयोजित 18वीं USIC क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में भारतीय रेलवे की पुरुष टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस उपलब्धि के साथ भारतीय रेलवे की टीम ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश एवं भारतीय रेलवे का गौरव बढ़ाया है। इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के दो कर्मचारियों ने भारतीय रेलवे की पुरुष टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया। दोनों खिलाड़ी दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में वाणिज्यिक सह टिकट क्लर्क के पद पर कार्यरत हैं। इनमें शामिल हैं– 1- श्री हरीश 2- श्री प्रिंस राज यादव भारतीय रेलवे की पुरुष टीम ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विभिन्न देशों की रेलवे टीमों को पीछे छोड़ते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया और स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक श्री तरुण प्रकाश एवं खेल संघ के पदाधिकारियों ने भारतीय रेलवे की पूरी पुरुष टीम तथा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के दोनों खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार रेलवे एवं देश का नाम रोशन करने की कामना की।

मुक्तिबोध नाट्य समारोह में पर पाजेब ना भीगे का मोहक मंचन

रायपुर । लोकशक्ति। पहनती तो वह पैरों में है, पर धड़कता मेरा दिल है, उसकी पायल की हर छनक में मेरी साँसों की महफ्ति है÷ ये पंक्तियां याद आ रही थी, 14 नवंबर की शाम मुक्तिबोध राष्ट्रीय नाट्य समारोह में जबलपुर विवेचना रंग मंडल की प्रस्तुति ÷पर पाजेब ना भीगे÷ को देखते हुए। सत्यनारायण पटेल लिखित नाटक बंजारन और बंजारे की प्रेम कहानी है। जिसमें बंजारन की शर्त होती है मैं तुमसे विवाह तभी करूंगी जब हमारे गांव के बीच में तुम ऐसा बांध बनवाओ जिसमें गुजरते हुए मेरे पाजेब की झंकार सुनाई दे, लेकिन उसकी घुंघरियां न भीगे । प्रेमरस में सने मसालों से बांध बनता है। यह बात भी सामने आती है कि आधुनिक विकास के नाम पर आज जो बांध बन रहे हैं उसमें जंगल- गांव डूब रहे हैं। नाट्य निर्देशक प्रगति विवेक पांडेय का सशक्त निर्देशन,आकर्षक वेशभूषा, शानदार मंच सज्जा और किरदारों की अभिनय क्षमता से नाटक अविस्मरणीय बन गया। नाटक की सूत्रधार- किस्सागो बनी अलंकृति श्रीवास्तव आरंभ से अंत तक प्रभाव छोड़ती हैं। बंजारा-बंजारन की भूमिका में मयंक रावत -अंशिका सलवार के जीवंत अभिनय से नाटक में जान आ गई। नाटक के सारे पत्रों ने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया। नाटक के पूर्व रंग छत्तीसगढ़ के पूनम-बेला तिवारी ने चरण दास चोर, बहादुर कलारीन आदि लोकनाट्यों के गीतों की प्रस्तुति दी और तालियां बटोर गए।पीयूष मिश्रा जी ने अपनी गायकी अंदाज से वाह वाही लूटी। नाट्य समारोह के संयोजक दैनिक जनधारा के संपादक सुभाष मिश्रा सहित रचना मिश्रा जी की ऊर्जा रायपुर के रंगकर्म को ऊर्जित कर गई। हार्दिक बधाई।



मोबाइल टॉर्च से निकलकर 2 घंटे के लिए भी यदि दर्शक रंग मंदिर में आते हैं।नाटक देखते हैं तो उन्हें लगेगा कि अपने समय का सर्वश्रेष्ठ सदुपयोग उन्होंने किया है। 17 नवंबर तक नाट्य समारोह है,प्रतिदिन शाम 7.30 बजे आरंभ होता है।

जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर में वित्तीय अनियमितताओं का आरोप, निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

कोरिया, जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर में स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन, बजट के उपयोग और मरीजों को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर गंभीर सवाल उठाए गए हैं। भारतीय युवा कांग्रेस के छत्तीसगढ़ प्रदेश महासचिव संजीव कुमार सिंह (काजू) ने इस संबंध में जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर वर्ष 2022 से अब तक के वित्तीय लेन-देन एवं योजनाओं की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। ज्ञापन में जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर के नियमित मद, जीवनदीप समिति, एनआरसी शाखा एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (ह्यारू) के अंतर्गत संचालित योजनाओं में संभावित वित्तीय अनियमितताओं एवं भ्रष्टाचार की जांच कराने की मांग की गई है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि शासन की योजनाओं के लिए बजट आवंटित होने के बावजूद मरीजों को अपेक्षित सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं।

Kapex Finance
बिज़नेस लोन चाहिए?
सही लेंडर खोजने में हम आपकी मदद करते हैं
अधिकांश वैध व्यवसाय आवेदन कर सकते हैं
नए और पुराने, सभी व्यवसायों का स्वागत है
सभी प्रकार के बिज़नेस लोन उपलब्ध
न्यूनतम दस्तावेज़
डिजिटल प्रक्रिया और त्वरित अप्रूवल
कॉल करें या WhatsApp करें
"LOAN"
82490 76247 पर
शुरू करने के लिए QR स्कैन करें
82490 76247 | kapexfinance.com | @kapexfinance
नोट: Kapex आपके बिज़नेस के लिए सही लेंडर खोजने में मदद करता है। अप्रूवल लेंडर पर निर्भर करता है।

कोमल मेहरा 'एक्सीलेंस इन इंट्रप्रेन्योरशिप' पुरस्कार से सम्मानित

रायपुर, । भिलाई इस्पात संयंत्र के परियोजना-वाणिज्यिक विभाग में कार्यरत सहायक महाप्रबंधक कोमल मेहरा को प्रशिक्षण एवं नेतृत्व विकास के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए ग्लोबल वुमेन एक्सीलेंस अवार्ड्स-2026 के अंतर्गत 'एक्सीलेंस इन इंट्रप्रेन्योरशिप' पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। नई दिल्ली में ग्लोबल ट्रायम्फफाउंडेशन द्वारा आयोजित ग्लोबल लीडरशिप समिट एंड अवार्ड्स-2026 में उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। लीडरशिप विथिन्ड बाउंड्रीज विषय पर आयोजित इस सम्मेलन में नेतृत्व, नवाचार, समावेशन और सतत विकास के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। इसके साथ ही भविष्य के नेतृत्व की चुनौतियों, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के बढ़ते प्रभाव तथा भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप शिक्षा प्रणाली विकसित करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों ने विचार साझा किए।

ARHAM TECHNOLOGIES LIMITED
अरहम अरहम टेक्नोलॉजीज लिमिटेड
(पूर्व में अरहम टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड)
CIN: L52335CT2013PLC001207
रजि. कार्यालय और फैक्टरी: प्लॉट नंबर 15, इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर, सेक्टर -22, ग्राम टूटा, अटल नगर, नवा रायपुर, रायपुर, छत्तीसगढ़, 492015. फोन- 9925130931 ईमेल: support@arhamtechnologies.co.in
कॉर्पोरेट कार्यालय: 5, चित्रकोट कॉम्प्लेक्स, सामने। व्यावसायिक सहकारी बैंक, जवाहर नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़, 492001.
फ़ोन. नंबर: 07712223415 | www.arhamtechnologies.co.in
30 सितंबर, 2026 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए अन-ऑडिटेड स्टैंड अलोन और कंसोलिडेटेड वित्तीय परिणामों का सार
कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने 14 नवंबर 2026 को हुई बैठक में, 30 सितंबर 2026 को समाप्त हुई तिमाही और छमाही के लिए कंपनी के अन-ऑडिटेड स्टैंडअलोन और कंसोलिडेटेड वित्तीय परिणामों को मंजूरी दी। मुख्य वित्तीय आंकड़े नीचे दिए गए हैं।
वित्तीय परिणाम, 'लिमिटेड रिव्यू रिपोर्ट' के साथ, स्टॉक एक्सचेंज (NSE) की वेबसाइट www.nseindia.com पर और कंपनी की वेबसाइट www.arhamtechnologies.co.in पर उपलब्ध हैं। इन्हें QR कोड स्कैन करके भी देखा जा सकता है। मुख्य वित्तीय आंकड़े:
वित्तीय परिणाम देखने के लिए QR कोड स्कैन करें

(रुपए - लाख में)	H1 FY26	H1 FY25
राजस्व (स्टैंडअलोन)	5,269.00	4,344.59
कर के बाद लाभ (स्टैंडअलोन)	395.84	520.16
राजस्व (समेकित)	8,548.22	4,562.88
कर के बाद लाभ (समेकित)	902.13	589.54

बोर्ड की ओर से
अरहम टेक्नोलॉजीज लिमिटेड
एसडी
पूजा गंधेवार
कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी
स्थान: रायपुर
दिनांक: 15 नवंबर, 2026

एसईसीएल में तीन माह के निवारक सतर्कता अभियान का समापन, ई-आवास पोर्टल का शुभारंभ

पारदर्शी, सरल एवं प्रभावी आवास आवंटन की दिशा में महत्वपूर्ण डिजिटल पहल



लोकशक्ति संवाददाता।

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) में 17 अगस्त 2026 से 16 नवंबर 2026 तक संचालित तीन माह के निवारक सतर्कता अभियान के समापन अवसर पर ऑनलाइन 'ई-आवास' पोर्टल का लोकार्पण किया गया। यह पोर्टल आवास आवंटन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, सरल, त्वरित एवं प्रभावी बनाने की दिशा में एसईसीएल की एक महत्वपूर्ण डिजिटल पहल है। पोर्टल का लोकार्पण श्री हरीश दुहन, अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक, एसईसीएल द्वारा श्री बिरंची दास, निदेशक (मानव संसाधन); श्री डी. सुनील कुमार, निदेशक (वित्त); श्री हिमांशु जैन, मुख्य सतर्कता अधिकारी तथा श्री नृपेंद्र नाथ, निदेशक (तकनीकी/योजना एवं परियोजना) की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे तथा विभिन्न क्षेत्रों के महाप्रबंधक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े।

'ई-आवास' पोर्टल का विकास सतर्कता विभाग की पहल पर मानव संसाधन विभाग एवं सिस्टम विभाग के समन्वित सहयोग से किया गया है। यह पोर्टल कर्मचारियों को आवास संबंधी सेवाएँ एकीकृत एवं डिजिटल माध्यम से प्रदान करेगा तथा आवास आवंटन प्रक्रिया में मानवीय हस्तक्षेप को न्यूनतम करते हुए पारदर्शिता एवं निष्पक्षता सुनिश्चित करेगा।

अपने संबोधन में श्री हरीश दुहन ने पोर्टल के विकास में योगदान देने वाली सतर्कता, मानव संसाधन एवं सिस्टम विभाग की टीमों को बधाई देते हुए कहा कि यह पहल कर्मचारियों को बेहतर एवं समयबद्ध सेवाएँ उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने विशेष रूप से मानव संसाधन विभाग द्वारा कर्मचारियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विकसित की गई इस प्रणाली की सराहना की तथा विश्वास व्यक्त किया कि इससे आवास प्रबंधन और आवंटन व्यवस्था अधिक सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं उत्तरदायी बनेगी। ई-आवास पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन एवं ट्रैकिंग, क्रमांक आधारित सत्यापन, स्वचालित वरिष्ठता सूची निर्माण, नियमानुसार आवास आवंटन, आरक्षण एवं विशेष प्रावधानों का अनुपालन, डिजिटल आवंटन आदेश जारी करना, आवासों की रियल-टाइम स्थिति, आवास परिवर्तन एवं पारस्परिक विनिमय की सुविधा तथा सुरक्षित डिजिटल अभिलेख एवं ऑडिट ट्रेल जैसी उन्नत सुविधाएँ उपलब्ध होंगी।

श्री दुहन ने यह भी कहा कि तीन माह के सतर्कता अभियान की समाप्ति के बाद भी इस दौरान प्राप्त सीख और अपनाई गई सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों को दैनिक कार्य संस्कृति का हिस्सा बनाया जाना चाहिए, ताकि पारदर्शिता, सतर्कता तथा सत्यनिष्ठा संगठन के प्रत्येक स्तर पर और अधिक सुदृढ़ हो सके।

निवारक सतर्कता अभियान के समापन अवसर पर ई-आवास पोर्टल का लोकार्पण एसईसीएल में डिजिटल गवर्नेंस, पारदर्शी प्रशासन एवं कर्मचारी-केंद्रित मानव संसाधन प्रबंधन को नई दिशा प्रदान करने वाला महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर साइबर सुरक्षा जागरूकता माह के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र भी प्रदान किए गए।